प्रो0 एच0के0 पालीवाल
परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6488 दिनांकः 12 जनवरी, 2023

संशोधित-परीक्षा कार्यक्रम

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/समस्त सम्बन्धित,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की प्रथम चरण की दिनांक 20 एवं 21 जनवरी, 2023 को आयोजित होने वाली समस्त विषयों की लिखित परीक्षा को स्थगित/संशोधन करते हुए दिनांक 27 एवं 28 जनवरी, 2023 को आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2022/6434 दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (समस्त पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर तथा बी0टेक0, बी0फार्म, एम0सी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष के तृतीय सेमेस्टर को छोड़कर) में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयो की **प्रथम चरण** की परीक्षायें दिनांक **04 जनवरी, 2023 से दिनांक 25 जनवरी, 2023** तक **ऑफ-लाइन मोड में** विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित **विभिन्न परीक्षा केन्द्रों** पर आयोजित कराई जा रही है।

उपरोक्त परीक्षाओं हेतु निर्धारित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 20 एवं 21 जनवरी, 2023 को आयोजित होने वाले समस्त विषयों की लिखित परीक्षाओं को कतिपय जनपदों में **दिनांक 21 जनवरी, 2023 को मौनी अमावस्या का मेला आयोजित होने** के दृष्टिगत सक्षम स्तर से यह निर्णय लिया गया है कि **दिनांक 20 एवं 21 जनवरी, 2023 को आयोजित होने वाले समस्त विषयों की परीक्षाओं को स्थगित करते हुए दिनांक 27 एवं 28 जनवरी, 2023 को संलग्न कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि/समय पर आयोजित कराई जायेगी।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नः यथोक्त।

12.1.2023

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अपर/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 एच0के0 पालीवाल)
परीक्षा नियंत्रक

COELETTER-918